# MEMORANDUM OF UNDERSTANDING

With the objective of further strengthening the friendly relations and mutual understanding between the two countries, the Government of the Republic of India and the Government of the Kyrgyz Republic have agreed to hold the Days of Indian Culture in Kyrgyzstan and the Days of Kyrgyz Culture in India under the Cultural Exchange Programme (CEP).

The Days of Indian Culture in Kyrgyzstan and the Days of Kyrgyz Culture in India will be organised for a period of 7 days each, exclusive of travel. The exact dates would be finalised through mutual consultations.

The Days of Culture may include the following:

1. The performance of classical dance, music, folk ensembles.
2. Exhibition of contemporary arts and crafts.
3. Festival of Films of each country.
4. Exchange of writers of the two countries.

The Festival may be held in the capital city of each country as well as in other cities as may be agreed upon.

In accordance with the established practice laid down by the CEP between the two countries, the sending side will bear the cost of international travel, packing

and insurance of exhibits, transportation of props, exhibits and the baggage of the delegation members and groups. The receiving side will bear expenses on stay of the participants, food accommodation in a good hotel, local transport, intercity travel including hall rent, publicity, printing of cards and technical requirements of light and sound, provide interpreters and if necessary medical assistance.

An advance technical team of upto 4-members from either side will visit 4 days prior to the inauguration of the Days of Culture and will remain there till the closing of the event.

A high level delegation from the Republic of India will be present in Bishkek at the time of the inauguration of the Days of Indian Culture and similarly a high level delegation from the Kyrgyz Republic will be present in Delhi at the time of the inauguration of the Days of Kyrgyz Culture in India.

The total number of the members of the official and cultural delegation including the advance technical team will be 30 persons.

The Memorandum will come into effect from the day of its signing. Done in Delhi on 19th day of March, 1997

in two originals, each in Hindi, Kyrgyz, Russian and English languages, all texts being equally valid.

In case of differences in interpreting the clauses of the present Memorandum, the Sides will be guided by the text in the English language.

| | |
|---|---|
| For the Government of the Republic of India | For the Government of the Kyrgyz Republic |

## समझौता ज्ञापन

दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों एवं पारस्परिक समझबूझ को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, भारत गणराज्य की सरकार तथा किरगिज गणराज्य की सरकार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत, किरगिस्तान में भारतीय संस्कृति के दिन तथा भारत में किरगिज संस्कृति के दिन आयोजित करने पर सहमत हुए है ।

किरगिस्तान में भारतीय संस्कृति के दिन तथा भारत में किरगिज संस्कृति के दिन यात्रा की अवधि को छोड़कर 7-7 दिन की अवधि के लिए आयोजित किये जाएंगे । निश्चित तारीख परस्पर विचार विनिमय द्वारा तय की जाएगी ।

संस्कृति के दिनों में निम्नलिखित बातें शामिल की जा सकती है:-

1. शास्त्रीय नृत्य, संगीत, लोक संगीत का प्रस्तुतीकरण ।
2. समकालीन कला एवं शिल्प प्रदर्शनी ।
3. प्रत्येक देश की फिल्मों का समारोह ।
4. दोनों देशों के लेखकों का आदान-प्रदान ।

समारोह दोनों देशों की राजधानियों तथा सहमति द्वारा तय किए गए अनुसार अन्य शहरों में भी आयोजित किए जा सकते हैं ।

दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम द्वारा निर्धारित स्थापित परिपाटी के अनुसार, भेजने वाला पक्ष, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा, पैकिंग का खर्च तथा प्रदर्शों, अवलम्बों का परिवहन, शिष्टमंडल के सदस्यों के प्रदर्शों एवं साज-सामान तथा मंडलियों का बीमा खर्च वहन करेगा । प्राप्तकर्ता पक्ष प्रतिभागियों के ठहरने, अच्छे होटल में भोजन-आवास, स्थानीय परिवहन, सभागार का किराया सहित अंत:नगरीय यात्रा, प्रचार-प्रसार, कार्डों की छपाई एवं प्रकाश व ध्वनि की तकनीकी आवश्यकताओं का खर्च वहन करेगा, दुभाषिये उपलब्ध कराएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सहायता भी प्रदान करेगा ।

संस्कृति के दिन के उद्‌घाटन से 4 दिन पूर्व दोनों पक्षों की 4 सदस्यों तक की एक अग्रिम तकनीकी टोली एक-दूसरे देश की यात्रा करेगी जो कि समारोह समाप्त होने तक वहां रहेगी ।

भारतीय संस्कृति के दिन के उद्‌घाटन के अवसर पर, भारत गणराज्य का एक उच्च स्तरीय शिष्टमंडल बिश्केक में उपस्थित रहेगा तथा इसी प्रकार, भारत में किरगिज संस्कृति के दिन के उद्‌घाटन के अवसर पर किरगिज गणराज्य का एक उच्च स्तरीय शिष्टमंडल दिल्ली में उपस्थित रहेगा ।

अग्रिम तकनीकी टोली सहित अधिकारियों एवं सांस्कृतिक शिष्टमंडल के सदस्यों की कुल संख्या 30 होगी ।

यह समझौता ज्ञापन, इस पर हस्ताक्षर होने की तारीख से लागू होगा । दिल्ली में 19 मार्च, 1997 को हिंदी, किरगिज, रूसी एवं अंग्रेजी भाषाओं में दो-दो मूल पाठो में सम्पन्न तथा सभी मूल पाठ समान रूप से प्रामाणिक हैं ।

यदि मौजूदा ज्ञापन की व्याख्या में कोई मतभेद हो तो दोनों पक्ष अंग्रेजी के मूल-पाठ द्वारा निर्देशित होंगे ।

| | |
|---|---|
| भारत गणराज्य की<br>सरकार की ओर से | किरगिज गणराज्य की<br>सरकार की ओर से |